गुस्ताखी माफ

धन-वैभव पर क्यों नहीं, कर सकते अभिमान।
किया परिश्रम तो मिला, लक्ष्मी का वरदान।
लक्ष्मी का वरदान, कड़ी मेहनत से मिलता।
धन-वैभव का फूल, समर्पण से ही खिलता।
कह साहिल कविराय, लगन से सब-कुछ संभव।
सिर्फ.निकम्मे नहीं, प्राप्त करते धन-वैभव।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 344 | SUNDAY 21-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## AAP के राज में आम आदमी को मिलेगें उनके पेडस्ट्रियन राइट्स

# फिरोजगांधी मार्केट समेत सभी पार्किंगों का होगा टेंडर, मेयर ने कहा - ठेकेदारों को नहीं बढ़ाने दिए जाएंगे रेट

- एक तरफ मेयर का सटीक स्टैंड, तो दूसरी तरफ बचते दिखे सीनियर डिप्टी मेयर

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। लुधियाना की पार्किंगों में ठेकेदारों द्वारा की जा रही मनमानी और अवैध कब्जों से बेहद लोग परेशान हो चुके हैं। जिसके चलते आखिरकार अब शहरवासियों को ठेकेदारों की इस मनमानी से छुटकारा मिलने जा रहा है। क्योंकि नगर निगम लुधियाना द्वारा जल्द फिरोजगांधी मार्केट समेत शहर की सभी पार्किंग साइट्स का टेंडर लगाया जा रहा है। आने वाले एक हफ्ते में यह टेंडर लगने की पूरी संभावनाएं हैं। इस संबंध में मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग साइट्स का टेंडर लगेगा और किसी को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। जिससे फिरोजगांधी मार्केट समेत अन्य साइट्स पर ठेकेदारों द्वारा बढ़ाए पार्किंग चार्ज, फुटपाथों पर वाहन खड़े करके की जा रही अवैध वसूली और रेहड़ियों वालों द्वारा किए अवैध कब्जों पर विराम लग सकेगा। जिसे देख लगता है कि अब आम आदमी पार्टी की सरकार में आम जनता को उनके पैदल चलने के (पेडस्ट्रियन) राइट्स मिल सकेगें।





### टेंडर की हर शर्त लिखित में ली जाएगी, नहीं बढ़ेगें रेट



वहीं इस मामले संबंधी मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर ने कहा कि फिरोजगांधी मार्केट समेत सभी पार्किंग साइट्स के टेंडर अगले एक हफ्ते तक लगाए जाएंगे। चुनाव के कारण इसमें देरी हुई है। टेंडर लेने वाले किसी भी ठेकेदार को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। टेंडर की हर शर्त को पूरी जांच के बाद लिखित में लिया जाएगा। पुराने रेटों पर ही टेंडर लगाया जाएगा।

### मेयर का सटीक स्टैंड, सीनियर डिप्टी मेयर बचते दिखे



फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा करीब ढ़ाई-तीन महीने पहले ही ऐलान कर दिया गया था कि फिरोजगांधी मार्केट समेत सभी पार्किंग स्थलों के टेंडर लगाए जाएंगे। जबकि अब इतने दिन बीतने के बाद आज भी उनका स्टैंड सटीक है। दूसरी तरफ सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने फुटपाथ पर किए कब्जे हटाने और टेंडर लगाने की बात कही थी। लेकिन न तो कब्जे हटे और उल्ट सीनियर डिप्टी मेयर पराशर ने कहा कि पुराने टेंडर में फुटपाथ भी बीच में दिए हैं। मगर इसके बाद उन्होंने मार्केट के टेंडर दोबारा लगाने का मामला नहीं उठाया। उन्हें इस संबंध में पूछने के लिए फोन भी किया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वह लगातार इस मामले से बचते नजर आए।

### लोगों का कहना, पार्किंग चार्ज बढ़े तो होगा संघर्ष

वहीं लोगों का कहना है कि फिरोजगांधी मार्केट शहर की सबसे व्यस्त और बिजनेस मार्केट है। ऐसे में यहां रोजाना हजारों लोग आते जाते हैं। शहर वासियों का कहना है कि पार्किंग के चार्ज पहले ही पुराने ठेकेदारों द्वारा लगातार बहाने बनाकर बढ़ाए गए हैं। तब आम आदमी पार्टी के लीडरों ने कहा था कि दोबारा टेंडर लगने पर इन्हें कम किया जाएगा। वहीं मार्केट वालों का कहना है कि अगर इस बार रेट कम न हुए तो संघर्ष किया जाएगा।

### पुरानी सरकारों में हुआ धक्का, फिर मिलती रही एक्सटेंशन

- बता दें कि फिरोजगांधी मार्केट की पार्किंग चार्ज बढ़ाने को लेकर काफी विवाद हुआ था। जिसके बाद आप पार्टी के लीडरों ने कहा था कि पुरानी सरकारों ने यह ठेके दिए थे, तब से धक्केशाही हो रही है। लेकिन अब आप सरकार में इसके दोबारा टेंडर लगेगें। लेकिन निगम के चुनाव ढ़ाई साल चुनाव न होने पर लोग वहीं चार्ज देते रहे और लगातार ठेकेदार को एक्सटेंशन मिलती रही। मगर अब आप पार्टी में उम्मीद जागी है कि चार्ज कम होंगे और लोगों के साथ धक्केशाही नहीं होगी।

### अगर नहीं मुनासिब तो ठेकेदार न लें ठेका

- वहीं इस टेंडर की बात सामने आने के बाद शहर में चर्चा छिड़ गई है। लोगों का कहना है कि फिरोजगांधी मार्केट हो या शहर की अन्य कोई भी पार्किंग हो, लेकिन ठेकेदारों द्वारा हर बार कहा जाता है कि अगर वे पार्किंग चार्ज न बढ़ाए, रेहड़ियां न लगवाए या फुटपाथ पर पार्किंग न करें, तो उनके ठेकेदारी की निगम को दी जाती फीस भी पूरी नहीं हो पाती। जबकि अपनी तरफ से पैसे देने पड़ते हैं। वहीं लोगों का कहना है कि अगर ठेकेदार को इतना ही नुकसान होता है तो वह टेंडर में बीड ही न करें। उसकी जगह कोई दूसरा ठेकेदार ठेका ले लेगा। अगर बीड कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि फायदा हो रहा है। फिर चाहें वह लाख बहाने बना लें, मगर यहीं सच है।


॥ ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
॥ ਘੱਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ, ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

ਅੰਤਿਮ ਅਰਦਾਸ



ਆਪ ਜੀ ਨੂੰ ਬੜੇ ਦੁੱਖੀ ਹਿਰਦੇ ਨਾਲ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ

ਸਰਦਾਰਨੀ ਹਰਭਜਨ ਕੌਰ ਬਿੰਦਰਾ

( ਪਤਨੀ ਸਵ. ਸ.ਮਹਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਬਿੰਦਰਾ )

ਆਪਣੀ ਸੰਸਾਰਿਕ ਯਾਤਰਾ ਪੂਰੀ ਕਰਦੇ ਹੋਏ 16-12-2025 ਨੂੰ ਗੁਰੂ ਚਰਨਾਂ ਵਿੱਚ ਜਾ ਬਿਰਾਜੇ ਹਨ । ਉਹਨਾਂ ਦੀ ਆਤਿਮਕ ਸ਼ਾਂਤੀ ਲਈ ਰੱਖੇ ਪਾਠ ਦਾ ਭੋਗ ਅਤੇ ਅੰਤਿਮ ਅਰਦਾਸ ਮਿਤੀ 21-12-2025 (ਐਤਵਾਰ) ਦੁਪਿਹਰ 01:00 ਤੋਂ 02:30 ਵਜੇ ਤੱਕ ਗੁਰਦੁਵਾਰਾ ਸਾਹਿਬ ਸਰਾਭਾ ਨਗਰ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਵਿਖੇ ਹੋਵੇਗਾ। ਆਪ ਇਸ ਦੁੱਖ ਦੀ ਘੜੀ ਵਿੱਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਣ ਦੀ ਕ੍ਰਿਪਾਲਤਾ ਕਰਨਾ ਜੀ ।

- ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਦੇ ਭਾਣੇ ਚ ( ਦੁੱਖੀ ਹਿਰਦੇ ) -

ਹਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਬਿੰਦਰਾ, ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਬਿੰਦਰਾ
ਅਤੇ ਸਮੂਹ ਬਿੰਦਰਾ ਪਰਿਵਾਰ

ਫੋਨ:- 98151-42912 , 78378-37837

GEETANJALI & S.S. KHURANA
AnsalEstatz | AnsalWealth
OFFICE: SCO-15, SOUTH CITY, LUDHIANA 99155-07786

# यार्नेक्स, टेक्सइंडिया और डाइकेम टेक्सप्रोसेस की एग्जीबिशन्स में मिल रही ढेरो संभावनाएं






लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। भारत के प्रसिद्ध निटवियर और वस्त्र केंद्र लुधियाना में वर्तमान में बहुप्रतीक्षित बी2बी वस्त्र व्यापार प्रदर्शनियों यार्नेक्स का 38वां संस्करण, टेक्सइंडिया का 22वां संस्करण और डाइकेम टेक्सप्रोसेस का 8वां संस्करण का आयोजन किया गया है। इन तीनों प्रदर्शनियों का शुक्रवार दाना मंडी, बहादुर के रोड, जालंधर बाईपास, लुधियाना में भव्य उद्घाटन हुआ। इस एग्जीबिशन में लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लगातार फूटफाल बढ़ रही है। 19 से 21 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रदर्शनी में भारत भर से 103 प्रमुख आपूर्ति श्रृंखला भागीदार एक ही छत के नीचे उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहे हैं। भाग लेने वाली कंपनियां प्राकृतिक और मानव निर्मित रेशे, प्राकृतिक और मिश्रित धागे, लोचदार, फैंसी और विशेष धागे, बुने और बुनाई वाले कपड़े, महिलाओं के वस्त्र, शर्टिंग के कपड़े, आयातित, ऊनी, मुद्रित, ग्रे, प्रसंस्कृत और विशेष कपड़े, ट्रिम्स और अलंकरण, सिलाई और कढ़ाई के धागे और मूल्यवर्धित वस्त्र सेवाओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन कर रही हैं। ये तीनों शो पंजाब और देश के अन्य कपड़ा उत्पादक क्षेत्रों के वस्त्र निमार्ताओं और निर्यातकों, अंतरराष्ट्रीय खरीद घरानों और खरीद एजेंटों, कंपोजिट मिलों, पावरलूम बुनकरों, निटरों, वितरकों और थोक विक्रेताओं, परिधान ब्रांडों, आयातकों, फैशन डिजाइनरों, फैशन लेबलों, सोर्सिंग एजेंटों, बड़े रिटेल चेन और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए एक जीवंत सोर्सिंग और नेटवर्किंग मंच के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भारतीय वस्त्र क्षमताओं में बढ़ती वैश्विक रुचि को दशार्ता है। दो दशकों से अधिक की विरासत के साथ, यार्नेक्स, टेक्सइंडिया और डाइकेम टेक्सप्रोसेस ने स्वयं को भारत के प्रमुख एकीकृत वस्त्र सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है।

# गांव सुंडरां में दो पक्षों में झगड़ा, पुलिस ने दर्ज किए क्रॉस केस

डेराबस्सी, यूटर्न, 20 दिसंबर। डेराबस्सी के गांव सुंडरां में बीते सोमवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज किए हैं। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, जान से मारने की धमकियां देने और हथियारों से हमला करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है और दोनों पक्षों के आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि पहले मामले में पीड़िता गांव सुंडरां निवासी 42 वर्षीय दीपक (पत्नी हैप्पी मसीह) ने अपने बयान में बताया कि सोमवार रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर के आंगन में बैठी थी। इसी दौरान गांव के हरविंदर सिंह उर्फ बुद्धू, जसवीर सिंह उर्फ जस्सी और स्याम सिंह उसके घर आए और उसके पति हैप्पी के बारे में पूछने लगे। जब उसने बताया कि उसका पति गाड़ी लेकर बाहर गया है, तो तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

शिकायत के अनुसार हरविंदर सिंह ने किसी नुकीली वस्तु से वार कर उसकी दाहिनी बाजू को घायल कर दिया। शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए कार में फरार हो गए। घायल महिला को इलाज के लिए डेराबस्सी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।



वहीं, क्रॉस केस में हरविंदर सिंह पुत्र राज कुमार ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर को करीब 8:30 बजे वह अपनी कार से मुबारिकपुर से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने गांव के मसीहा और उसके एक दोस्त को कार में बैठा लिया। दोनों को उतारने के बाद जब वह कार मोड़ रहा था, तभी हैप्पी, उसका बेटा साहिल, बॉबी, धर्म, हैप्पी का दामाद और कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया और डंडों व रॉड से हमला कर दिया। हमले में उसकी दाहिनी टांग बुरी तरह टूट गई।

शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल युवक को भी सिविल अस्पताल डेराबस्सी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# भूमिहीन परिवारों को जल्द मिलेंगे 100-100 गज के प्लाट झ्र सीएम सैनी

हरियाणा/यूटर्न/20 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के भूमिहीन जरूतमंद परिवारों को सरकार द्वारा जल्द ही 100-100 गज के प्लाट आबंटित किए जाएंगे। प्रदेश के इन 7 हजार प्लाटधारकों को पीएम आवास योजना के साथ जोड़कर मकान निर्माण के लिए तय राशि दी जाएगी।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को कुरुक्षेत्र जिला के लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव प्रलाहदपुर, बदरपुर व गांव बणी में धन्यवादी एवं जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गांव प्रलादपुर, बदरपुर और गांव बणी में विकास कार्यो के लिए 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने गांव प्रलाहदपुर में सरपंच सुमन सैनी द्वारा रखी गई सभी मांगों को विभागों से भेजकर पूरा करवाने का आश्वासन दिया और पीने के पानी की पाइप लाईन के लिए 47.46 लाख रुपए, हॉल निर्माण के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने बदरपुर गांव के सरपंच कर्मवीर द्वारा रखी गई सभी 16 मांगों को विभागों को भेजकर पूरा करवाने, पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 43.31 लाख रुपए देने की घोषणा की है। गांव बणी के सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत करीब 15 हजार 500 परिवारों को 30 गज का प्लाट देने का काम किया है। शीघ्र ही शहरी आवास योजना के तहत योग्य प्रार्थियों को दूसरी किस्त के रूप में 30-30 गज के प्लाट आबंटित किये जाएंगे।

# ई-वाहनों की रफ्तार में पंजाब अव्वल

## 2025 में रिकॉर्ड 23,899 पंजीकरण, हरियाणा समेत पड़ोसी राज्यों को छोड़ा पीछे

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। पंजाब ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-वाहन) के मामले में बड़ी छलांग लगाते हुए हरित और टिकाऊ परिवहन की दिशा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा दी है। वर्ष 2025 में राज्य में कुल 23,899 इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत किए गए, जो वर्ष 2024 के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक हैं। पिछले साल पंजाब में 20,894 ई-वाहनों का पंजीकरण हुआ था ।केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लोकसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार, ई-वाहन पंजीकरण के मामले में पंजाब ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे पड़ोसी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

### पड़ोसी राज्यों से आगे पंजाब

2025 के आंकड़ों के अनुसार—

- पंजाब: 23,899
- हरियाणा: 17,043




- जम्मू-कश्मीर: 2,649
- हिमाचल प्रदेश: 1,542

इन आंकड़ों से साफ है कि उत्तर भारत में ई-वाहनों की स्वीकार्यता के मामले में पंजाब अग्रणी बनकर उभरा है।

### दोपहिया ई-वाहनों की सबसे ज्यादा मांग

राज्य में ई-वाहनों की लोकप्रियता का सबसे बड़ा हिस्सा दोपहिया वाहनों का रहा। वर्ष 2025 में 21,229 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन पंजीकृत किए गए, जबकि 2,670 चारपहिया ई-वाहन सड़कों पर उतरे ।विशेषज्ञों के अनुसार पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें, कम मेंटेनेंस लागत और पर्यावरण को लेकर बढ़ती जागरूकता इसके प्रमुख कारण हैं।

### ई-व्हीकल पॉलिसी २०२३ का दिखा असर

फरवरी 2023 में लागू की गई पंजाब सरकार की इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी का असर अब साफ नजर आने लगा है। इस नीति के तहत सरकार ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 50 करोड़ रुपये से अधिक के इंसेंटिव की घोषणा की थी। साथ ही राज्यभर में चार्जिंग स्टेशन और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर भी जोर दिया गया ।सरकार का उद्देश्य केवल वाहन बिक्री बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देना है।

# जगराओं, रायकोट और सिधवां बेट इलाकों मे खुलेआम नशा करते 3 युवक गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20 दिसंबर ।लुधियाना ग्रामीण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत, सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर नशा करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। पहले मामले में एक मुखबिर की सूचना पर, चौकी गिद्दरविंडी के एएसआई राजविंदरपाल सिंह ने मालसिहा बाजन गांव के श्मशान घाट पर छापा मारा। जहां मालसिहा बाजन निवासी बख्तावर सिंह के पुत्र गुरप्रीत सिंह उर्फ बब्बू को मौके पर नशा करते हुए गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में गश्त के दौरान बस स्टैंड पोस्ट हेड



एएसआई सुखविंदर सिंह ने जीटी रोड के पास सेम नाले से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान स्वर्णजीत सिंह, मुख्तियार सिंह के पुत्र (रानी वाला खु, जगराओं निवासी) के रूप में हुई है, जो पन्नी और लाइटर से नशीले पदार्थों का सेवन कर रहा था और पुलिस को देखकर अपना सामान छिपाने की कोशिश कर रहा था। तीसरे मामले में सिटी पुलिस स्टेशन रायकोट के हौलदार कमलजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल ने बलविंदर सिंह उर्फ घड्डा, स्वर्गीय दर्शन सिंह के पुत्र (जोहला रोड, रायकोट निवासी) को विवा केम फैक्ट्री के पास एक खाली प्लॉट से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से नशीले पदार्थो के सेवन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पन्नी, एक लाइटर और पाइप के रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला 10 रुपये का नोट बरामद किया गया।

# पूर्व मंत्री आशु के करीबी और महिला पार्षद के पति इंद्रजीत इंदी गिरफ्तार, निगम सुपरवाइजर पर हमले का आरोप

लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु के ऑफिशियल पीए रहे और वार्ड 61 की कांग्रेसी पार्षद परमिंदर कौर इंदी के पति कांग्रेसी लीडर इंद्रजीत सिंह इंदी को शनिवार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर नगर निगम के बागवानी विभाग के सुपरवाइजर अजय शर्मा के साथ मारपीट करने के आरोप हैं।

जिसके चलते अजय शर्मा द्वारा इस संबंध में कार्रवाई के लिए निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी थी। जिसके चलते पुलिस द्वारा इस मामले में एक्शन ले लिया है। थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस ने अजय शर्मा की शिकायत पर इंद्रजीत इंदी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिसके बाद उनकी शनिवार को गिरफ्तारी भी डाल दी गई है। बागवानी विभाग के सुपरवाइजर अजय शर्मा का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से वॉर्ड 61 में निगम मुलाजिम काम कर रहे थे।

लेकिन वॉर्ड 60 में शुक्रवार को मुलाजिमों की जरुरत थी। इसके चलते उन्होंने मुलाजिम दूसरे वॉर्ड में भेज दिए। लेकिन इस दौरान इंद्रजीत इंदी अपनी कार में वहां पहुंचे और अजय कुमार के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अजय ने विरोध किया तो इंदी ने उन पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर किरपाल सिंह ने बीच-बचाव किया। वहीं इंदी के पीए संदीप पर भी एक कर्मचारी को जबरन साथ ले जाने का आरोप है।



कांग्रेस नेता इंद्रजीत सिंह इंदी




### कुछ दिन पहले एडिशनल कमिश्नर से हुई भी बहस

वहीं बता दें कि इससे पहले इंद्रजीत इंदी की जोन-ए के बाहर एडिशनल कमिश्नर परमदीप सिंह खैरा के साथ बहस हो गई थी। यह विवाद काफी बड़ा था। हालांकि इस बीच इंदी ने अधिकारी को यह तक कह दिया था कि जा तेरे से जो पर्चा दे होता है, दे देना। हम किसी के बेटे नहीं, बाप हैं।

### क्या 2027 केलिए सुगबुगाहट शुरू?

वहीं इंदी के इस तलफ भरे लिहाजे को देखकर विपक्ष में सुगबुगाहट है कि कहीं न कहीं विपक्ष के सरकार के खिलाफ तेवर देखने को मिल रहे हैं। क्योंकि पहले भी इंदी का एडिशनल कमिश्नर के साथ हुए विवाद का ऐसा ही एक मामला सामने आया था। लेकिन तब मौके पर मौजूद कांग्रेसी लीडरों ने बीच बचाव कर मामला शांत करवा दिया था। लेकिन अब इस बार फिर वहीं मामले को देखकर चर्चाएं छिड़ गई है कि अब विपक्ष ने सरकार और सिस्टम के खिलाफ मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है।

## गुरपाल नगर में एक युवक ने लगाया फंदा

सुनील पांडेय



लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। थाना डिवीजन नंबर 6 इलाके गुरपाल नगर में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारी एएसआई गुरजिंदर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान 23 वर्षीय मनतोज के रूप में हुई है। मनतोज किराये पर रहता था, वह 3 भाई है। उसके पिता दुकानदारी करते हैं। पुलिस ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवार को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। यह कदम उसने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में उठाया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया था।

## नेशनल वाल्मीकि सभा इंग्लैंड की विशेष बैठक में समाजसेवियों का सम्मान



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। शनिवार को नेशनल वाल्मीकि सभा इंग्लैंड की ओर से डॉ. अंबेडकर भवन सेक्टर-37 चंडीगढ़ में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल वाल्मीकि सभा (इंग्लैंड) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय हरजीत सिंह हैरी अपनी पूरी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य वाल्मीकि समाज में उत्कृष्ट, निस्वार्थ और सतत सेवा करने वाले समाजसेवकों को सम्मानित करना रहा। इसी क्रम में डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन व्यवस्था को मजबूत करने, सफाई कर्मियों के अधिकारों की रक्षा करने और समाज को संगठित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए समाजसेवी धर्मवीर राणा को उनकी पूरी टीम सहित समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

# घर में घुसकर महिला के सिर में युवक ने गोली मारकर की हत्या, बेटी का हुआ बचाव

लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। मुंडियां कलां के जीटीबी नगर में शनिवार दिनदिहाड़े ही घर में घुसकर एक युवक ने महिला के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावर ने महिला के सिर में पिछली तरफ गोली मारी। जबकि उसने बेटी पर भी फायरिंग की। लेकिन उसने अपना बचाव कर लिया। इसके बाद बदमाश वहां से भाग गया। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी आए और महिला को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृतक करार दे दिया। थाना जमालपुर की पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक महिला की पहचान पूनम पांडे के रूप में हुई है। वारदात के बाद पूनम की बेटी अभी सहमी हुई है। बेटे ने बताया कि उनकी किसी से रंजिश नहीं है। महिला की बेटी ने बताया कि एक व्यक्ति काले रंग की जैकेट और टोपी पहनकर आया था। उसने पहले लड़की की तरफ गोली चलाई, लेकिन लड़की एक तरफ हो गई, जिस कारण उसका बचाव हो गया। उसने फिर पूनम के सिर के पिछले हिस्से में गोली मारी। इसके बाद मां लहूलुहान होकर वहीं गिर गई। वारदात के बाद बदमाश वहां से भाग गया।



सीसीटीवी में फायरिंग करता दिखा बदमाश



जख्मी महिला को अस्पताल कराया गया दाखिल

### रिश्तेदार बताया जा रहा हमलावर

चर्चा है कि हमलावर युवक मृतक महिला का रिश्तेदार है। बताया जा रहा है कि युवक को उनके साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते वह पहले बातचीत करने आया। इस दौरान बहसबाजी होने के बाद उसने फायरिंग की। इस हमले की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है।

## इंडो स्विस ट्रेनिंग सेंटर में ओल्ड स्टूडेंट्स का 'यारी कप 2025' संपन्न



चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। सीएसआईओ सेक्टर-30सी स्थित इंडो स्विस ट्रेनिंग सेंटर (आईएसटीसी) में शनिवार सुबह ओल्ड स्टूडेंट्स द्वारा आयोजित 'यारी कप 2025' क्रिकेट मुकाबला दोस्ती, खेल भावना और आईएसटीसी स्पिरिट को समर्पित रहा। सर्द मौसम के बावजूद पूर्व छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और हार-जीत की परवाह किए बिना सभी ने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर 2000 बैच बनाम अन्य ओल्ड स्टूडेंट्स के बीच रोमांचक मैच खेला गया। मैदान पर पुराने दोस्तों की मुलाकात, हंसी-मजाक और जोशीले खेल ने माहौल को यादगार बना दिया। खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया, वहीं दर्शक बने पूर्व छात्र भी पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए। ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नीरज साहनी ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी मेलजोल और रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन माध्यम हैं। क्रिकेट के जरिए सभी को एक-दूसरे से जुड़ने और पुरानी यादें ताजा करने का मौका मिला।



## तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। समराला चौक नजदीक एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक चालक युवक को टक्कर मार दी। जिसकी इलाके के दौरान मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात 9 बजे के करीब हुआ है।



मृतक की पहचान नवल कुमार पुत्र राम सेवक वासी ग्यासपुरा के रूप में हुई। मामले में थाना मोती नगर से जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि रात करीब सवा 9 बजे के करीब जानकारी मिली कि समराला चौक नजदीक कनपुरिया ढाबे के पास हादसा हुआ है। लोगों ने बताया कि बाइक पुल पर से नीचे आ रहा था। तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मारी और ऊपर से गुजर गया। इस हादसे में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई। घायल को कैंसर अस्पताल भेजा गया। उसके बाद जब डीएमसी अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों को जानकारी देने के बाद शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। आरोपी ट्रक ड्राइवर पर केस दर्ज करते हुए उसकी तलाश की जा रही है।

## नेत्रहीन यूनियनों की हर जायज मांग पूरी की जाएगी - मंत्री डॉ. बलजीत कौर

चंडीगढ़/यूटर्न/20 दिसंबर। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब की नेत्रहीन यूनियनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। पंजाब भवन में आयोजित बैठक के दौरान सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने नेत्रहीन यूनियनों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को दिव्यांग कोटे के तहत खाली पड़ी पदों को जल्द से जल्द भरने के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। डॉ. बलजीत कौर ने स्पष्ट किया कि जो मांगें विभागीय स्तर पर स्वीकार्य हैं, उन्हें तुरंत लागू किया जाएगा, जबकि जिन मांगों के लिए सरकारी स्तर पर निर्णय की आवश्यकता है, उन्हें सरकार के समक्ष पूरी तरह से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार दिव्यांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर बैठक में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप, निदेशक डॉ. सेना अग्रवाल, संयुक्त सचिव आनंद सागर शर्मा, उप निदेशक अमरजीत सिंह भुल्लर, रविंदर सिंह राही तथा विभाग के अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।






# पंचकूला में बंद घरों में चोरी करने वाले आरोपी से पुलिस ने सोना-चांदी के गहने किए बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 20 दिसंबर। शहर में चोरी की घटनाओं पर काबू पाते हुए पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी सूने और बंद घरों को निशाना बनाता था और स्नैचिंग की वारदातों में भी शामिल रहा है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 25 अगस्त को वह माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए थे। लौटने पर उनके घर के ताले टूटे



मिले और सोना-चांदी के गहने चोरी हो चुके थे। इस संबंध में थाना सेक्टर-14 में मामला दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 के इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 17 दिसंबर को राजीव कॉलोनी निवासी रोहित उर्फ विनोदी को बुढ़नपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने इस वारदात के अलावा पंचकूला में चार अन्य घरों में चोरी और एक स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी पहले घरों की रेकी करता था और बंद मिलने पर चोरी करता था। आरोपी की तलाश में दो विशेष टीमें लगी हुई थीं। आरोपी को 18 दिसंबर को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर सोने के झुमकों की जोड़ी, एक सोने की अंगूठी, चांदी की पायल और एक चांदी का सिक्का बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

# 15 साल पुराने हत्या मामले में मोहाली के मेयर जीती सिद्धू बरी

## सीबीआई कोर्ट से पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलवीर सिद्धू के भाई को बड़ी राहत

मोहाली, यूटर्न, 20 दिसंबर। 15 साल पुराने हत्या मामले में मोहाली के मेयर अमरजीत सिंह उर्फ जीती सिद्धू को बड़ी राहत मिली है। मोहाली की विशेष सीबीआई अदालत ने शनिवार को उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए साक्ष्य मेयर की हत्या में संलिप्तता साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।यह मामला 19 दिसंबर 2010 का है, जब खरड़ के गांव बलियाली में रतन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में यह मामला पारिवारिक रंजिश से जुड़ा बताया गया था। इस हत्याकांड में तत्कालीन सरपंच कुलवंत सिंह और दिलावर सिंह पर सीधे तौर पर गोली चलाने के आरोप लगे थे। तत्कालीन विधायक और कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे बलवीर सिद्धू के भाई अमरजीत सिंह उर्फ जीती सिद्धू पर भी हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप लगाए गए थे। मामले की जांच पर भरोसा न जताते हुए परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसके बाद केस सीबीआई को सौंपा गया।



लंबी सुनवाई के बाद सीबीआई कोर्ट ने अमरजीत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य आरोप सिद्ध करने में विफल रहे। उल्लेखनीय है कि बलवीर सिद्धू और उनके भाई अमरजीत सिंह लंबे समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान दोनों ने भाजपा का दामन थामा था, हालांकि बाद में वे फिर कांग्रेस में लौट आए। फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

# हरियाणा सरकार ने गरीब कैदियों की मदद के लिए संशोधित गाइडलाइंस की लागू - डॉ. सुमिता मिश्रा

हरियाणा/यूटर्न/20 दिसंबर। हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य में गरीब कैदियों को सहायता योजना के लिए संशोधित गाइडलाइंस और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी किए हैं। इन विस्तृत गाइडलाइंस का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर कैदियों को वित्तीय सहायता देना है, जिनकी आजादी सिर्फ.कोर्ट द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान न कर पाने या जमानत न मिल पाने की वजह से रुकी हुई है। डॉ. मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि संशोधित फ्रेमवर्क में हरियाणा में जरूरतमंद कैदियों को तेजी से और प्रभावी राहत देने के लिए सख्त टाइमलाइन और मजबूत संस्थागत व्यवस्था शुरू की गई है। यह पहल न सिर्फ.गरीब कैदियों की हालत को सुधारती है, बल्कि इसमें राज्य की जेलों में भीड़ कम करने की भी काफी संभावना है। संशोधित गाइडलाइन के तहत, हरियाणा के हर जिले में जिला-स्तरीय अधिकार प्राप्त समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें जिला कलेक्टर के कार्यालय, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण



(डीएलएसए), पुलिस विभाग, जेल प्रशासन और न्यायपालिका के प्रतिनिधि शामिल होंगे। डीएलएसए के सचिव इन समितियों के संयोजक और समन्वय प्रभारी होंगे, जो मामलों की समीक्षा और मंजूरी के लिए हर महीने के पहले और तीसरे सोमवार को नियमित रूप से बैठक करेंगे। इसके अलावा, हरियाणा में निगरानी करने और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक राज्य-स्तरीय निगरानी समिति भी बनाई जाएगी, जिसमें प्रधान सचिव (गृह/जेल), सचिव (कानून विभाग), राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव, डीजी/आईजी (जेल), और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल शामिल होंगे।

# विक्की घनौर ने पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरस्ट से की मुलाकात



भाग सिंह अंटाल/अभिषेक सूद

घनौर/यूटर्न/20 दिसंबर। शनिवार को पटियाला में आम आदमी पार्टी पंजाब के स्पोर्ट्स विंग के अध्यक्ष एवं पंजाब हेल्थ सिस्टम कॉर्पोरेशन के वाइस चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह विक्की घनौर ने पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव हरचंद सिंह बरस्ट से एक विशेष मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए वाइस चेयरमैन विक्की घनौर ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य घनौर हलके में पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा उनमें तेजी लाना रहा। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों की लिंक सड़कों के अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने, नई सड़कों के निर्माण और मरम्मत संबंधी कार्यों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विक्की घनौर ने अपने पैतृक गांव कपूरि की अनाज मंडी में फड़ (प्लेटफॉर्म) पक्के करवाने की मांग भी रखी, ताकि किसानों को फसल की आवक के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही हलके के अन्य ग्रामीण विकास कार्यों को समय पर पूरा करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर चेयरमैन हरचंद सिंह बरस्ट ने विक्की घनौर को भरोसा दिलाया कि पंजाब मंडी बोर्ड के समक्ष रखे गए सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

# रणदीप सुरजेवाला को चंडीगढ़ पर सौदेबाजी का अधिकार किसने दिया?

## चंडीगढ़ पर फैसला केवल चंडीगढ़ की जनता करेगी : कैलाश जैन

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद जैन ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा ह्यएक लाख करोड़ रुपये के बदले चंडीगढ़ पर हरियाणा द्वारा अधिकार छोड़ने जैसी टिप्पणी पर कड़ा एतराज जताया है और इसे दुर्भाग्यपूर्ण, गैर-जिम्मेदाराना तथा संवैधानिक मर्यादाओं के विपरीत बताया है। कैलाश चंद जैन ने सवाल उठाया कि चंडीगढ़ जैसे संवेदनशील और ऐतिहासिक विषय पर इस प्रकार की सौदेबाजी की भाषा का प्रयोग करने का अधिकार रणदीप सुरजेवाला को किसने दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरजेवाला न तो हरियाणा के नागरिकों की ओर से कोई प्रस्ताव रखने के लिए



अधिकृत हैं और न ही चंडीगढ़ अथवा हरियाणा की जनता ने उन्हें ऐसा कोई जनादेश दिया है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ कोई संपत्ति या व्यापारिक वस्तु नहीं है, जिसे किसी भी राशि के बदले छोड़े जाने की बात की जाए। चंडीगढ़ का भविष्य केवल संवैधानिक प्रक्रिया, आपसी सहमति और चंडीगढ़ वासियों की इच्छाओं के अनुरूप ही तय किया जा सकता है। किसी एक राजनीतिक नेता की टिप्पणी से न तो चंडीगढ़ की पहचान तय हो सकती है और न ही उसके अधिकारों पर कोई समझौता किया जा सकता है। कैलाश जैन ने आगे कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियाँ केवल राजनीतिक लाभ और मीडिया प्रचार के उद्देश्य से की जा रही हैं, जिससे चंडीगढ़वासियों की भावनाओं को ठेस पहुँचती है। उन्होंने ऐसे गैर-जिम्मेदार वक्तव्यों से परहेज करने तथा संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान करने की अपील की।

# SOSVA संस्था ने IDUs के लिए कम्युनिटी इवेंट आयोजित किया



चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। SOSVA संस्था ने चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी (CSACS) की सहायता से सेक्टर-38 डड्डूमाजरा सिविल डिस्पेंसरी में इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स (IDUs) के लिए एक विशेष कम्युनिटी इवेंट का आयोजन किया। कार्यक्रम के लीडर डॉ. निरंजन सिंह रहे। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर पिंकी रानी, रडश्अ का स्टाफ और समाजसेवी सुमित शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुल 12 कम्युनिटी लीडर्स तैयार किए गए, जिन्हें लृक्ष संक्रमण से बचाव, सुरक्षित इंजेक्शन प्रैक्टिस और समुदाय में जागरूकता फैलाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रतिभागियों को 12 वूलन शॉल्स भी वितरित की गईं। SOSVA NGO के लीडर्स ने बताया कि यह पहल समुदाय को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल HIV संक्रमण को रोकने में मददगार हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक रवैया भी बढ़ाते हैं।

# कबड्डी खिलाड़ी राणा बलाचौरिया की हत्या पर हाई कोर्ट सख्त, पंजाब सरकार को नोटिस

## कार्यक्रम में सुरक्षा इंतजामों पर मांगा जवाब

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। मोहाली के सोहाना इलाके में कबड्डी खिलाड़ी और प्रमोटर राणा बलाचौरिया की दिनदहाड़े हत्या को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बेहद गंभीर मामला करार दिया है। हाई कोर्ट ने इस घटना को कानून-व्यवस्था से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा बताते हुए पंजाब सरकार से जवाब तलब किया है।खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई में यह स्पष्ट किया जाए कि जिस कार्यक्रम के दौरान राणा बलाचौरिया की हत्या हुई, वहां पुलिस सुरक्षा के क्या इंतजाम थे, मौके पर कितने पुलिसकर्मी तैनात थे और कार्यक्रम में कुल कितने लोग मौजूद थे।



यह मामला उस समय सामने आया जब हाई कोर्ट में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की जेल में हुए इंटरव्यू को लेकर अदालत द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर सुनवाई होनी थी। सुनवाई शुरू होने से पहले पंजाब सरकार की ओर से पेश सरकारी वकील ने समय की मांग की। अदालत को बताया गया कि एडवोकेट जनरल स्वयं उपस्थित नहीं हैं और मामले में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता पुनीत बाली भी उपलब्ध नहीं हैं।सरकारी पक्ष की दलील स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने लॉरेंस बिश्नोई इंटरव्यू मामले की सुनवाई मंगलवार, 23 दिसंबर तक स्थगित कर दी। हालांकि, सुनवाई टालने के बावजूद अदालत ने राणा बलाचौरिया हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए इस पर सवाल उठाए और राज्य सरकार से विस्तृत जवाब मांगा।अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि इस तरह की दिनदहाड़े हत्या राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है और इसकी गहन समीक्षा आवश्यक है।

# 7.9 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान, ठंड और कोहरा बढ़ेगा

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और शीतलहर का असर ट्राईसिटी में साफ दिखाई देने लगा है। चंडीगढ़ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब दो डिग्री कम है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की चेतावनी दी है। इसके चलते ठंड के साथ-साथ कोहरे की तीव्रता भी बढ़ने की संभावना है। फिलहाल अगले छह दिनों तक ठंड से राहत के आसार नहीं हैं।मौसम विशेषज्ञों के अनुसार कम बाउंड्री लेयर, थर्मल इनवर्जन,



अधिक नमी और दिन-रात के तापमान में भारी अंतर के कारण प्रदूषक कण वातावरण में लंबे समय तक टिके हुए हैं। इसका सीधा असर वायु गुणवत्ता पर पड़ रहा है और प्रदूषण का स्तर लगातार बिगड़ रहा है। शुक्रवार को चंडीगढ़ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 268 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। खराब हवा के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### *अस्पतालों में बढ़े सांस और आंखों के मरीज*

*जहरीली हवा और घनी धुंध के चलते शहर के अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार आंखों में जलन, खांसी, सांस फूलना, घबराहट और एलर्जी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों ने लोगों को मास्क पहनने, आंखों की नियमित सफाई रखने, सुबह और शाम अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने और किसी भी तरह की सांस संबंधी परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।*

# चंडीगढ़ में गैंगस्टरों पर पुलिस का बड़ा प्रहार

## 6 साल में 151 अवैध हथियार, 516 चाकू बरामद; 367 अपराधी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। चंडीगढ़ में सक्रिय गैंगस्टरों और संगठित अपराध पर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वर्ष 2020 से नवंबर 2025 तक शहर के 16 पुलिस थानों की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। इस दौरान 326 आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज कर 367 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस आंकड़ों के अनुसार बीते छह वर्षों में 151 अवैध हथियार, जिनमें अत्याधुनिक पिस्टल और राइफल शामिल हैं, 435 जिंदा कारतूस और 516 चाकू जब्त किए गए। पुलिस का दावा है कि इन कार्रवाइयों से कई संभावित गैंगवार और बड़ी आपराधिक वारदातों को समय रहते टाल दिया गया।

### गैंगस्टरों के करीबियों पर भी कार्रवाई

चंडीगढ़ पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ जैसे कुख्यात गैंगस्टरों के नेटवर्क पर भी करारा प्रहार किया है। पुलिस ने इनके करीबी गुर्गों से पिस्टल और गोलियां बरामद कर कई बड़ी साजिशों को नाकाम किया।पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से छह आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों पर वीवीआईपी इलाके में एक कारोबारी के घर फायरिंग कर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है।इसके अलावा यूटी पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े तीन शूटरों को तीन पिस्टल और सात जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार ये आरोपी कोर्ट में पेशी के दौरान गैंगस्टर भूपी राणा की हत्या की साजिश रच रहे थे और इसके लिए वकीलों की ड्रेस तक खरीद चुके थे।

### हर साल बढ़ रहे आर्म्स एक्ट के मामले

**पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आर्म्स एक्ट के मामलों में लगातार इजाफा दर्ज किया गया है।**

- 2020 : 37 मामले, 39 गिरफ्तार
- 2021 : 34 मामले, 36 गिरफ्तार
- 2022 : 62 मामले, 66 गिरफ्तार
- 2023 : 49 मामले, 54 गिरफ्तार
- 2024 : 72 मामले, 83 गिरफ्तार
- 2025 (5 नवंबर तक) : 79 मामले, 89 गिरफ्तार

**गोली से ज्यादा चाकू से हत्याएं...**एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर में फायरिंग की तुलना में चाकूबाजी की घटनाएं कहीं ज्यादा हैं। वर्ष 2025 में अब तक हुई 26 हत्याओं में से 24 मामलों में हत्या चाकू से की गई। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने चाकू लेकर घूमने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है।पुलिस ने शहरभर में नाकाबंदी बढ़ाई, कॉलोनियों और गांवों में रात की गश्त तेज की, जिसके चलते बड़ी संख्या में चाकू और अवैध हथियार बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि गैंगस्टरों और अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सीएम मान पटियाला फ्लाइंग क्लब में एयरक्राफ्ट इंजीनियरों से मिले, कहा - पंजाब विमान उद्योग का बनेगा केंद्र



चंडीगढ़/यूटर्न/20 दिसंबर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि विमान क्षेत्र में पंजाब धुरी के रूप में उभरेगा क्योंकि राज्य सरकार विमान उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार युवाओं को किफायती और विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देकर उनके सपनों को उड़ान देने में बड़े प्रयास कर रही है। ट्रेनी पायलटों और एयरक्राफ्ट इंजीनियरों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था से प्रशिक्षण ले रहे सभी छात्रों से संवाद स्थापित करने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पटियाला फ्लाइंग क्लब में 32 प्रशिक्षु पायलटों और पटियाला एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कॉलेज के 72 छात्रों के साथ विचार-विमर्श सत्र में शामिल होकर उन्हें बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि 32 प्रशिक्षु पायलटों में से अधिकांश अपने परिवार की पहली पीढ़ी हैं जो विमानन क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। सीएम मान ने कहा कि निजी संस्थानों में कमर्शियल पायलट बनने के लिए 40-45 लाख रुपए खर्च आते हैं, जबकि पटियाला फ्लाइंग क्लब में लगभग 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, जिससे 22-25 लाख फीस रह जाती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि फीस में लगभग 20 लाख रुपए की कटौती से दुकानदार, शिक्षक, किसान, क्लर्क और साधारण घरों के अन्य युवा अब पायलट बनने का सपना देख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटियाला एविएशन कॉम्प्लेक्स में 7 करोड़ रुपए की लागत से 'एविएशन म्यूजियम' स्थापित किया जा रहा है और यह संग्रहालय मिग विमान, दूसरी पीढ़ी के हेलीकॉप्टर, सिमुलेटर और एविएशन विरासत को प्रदर्शित करेगा, जो छात्रों और जनता को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सिविल एविएशन विभाग की नई वेबसाइट dca.punjab.gov.inभी लॉन्च की।

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर सख्ती, चंडीगढ़ में फिर सक्रिय हुए ड्रंकन ड्राइव नाके

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 दिसंबर। क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन से पहले चंडीगढ़ पुलिस ने ट्रैफिक नियमों को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। लंबे समय बाद शहर में एक बार फिर ड्रंकन ड्राइव के नाके लगाए जाने शुरू हो गए हैं। इससे शराब पीकर वाहन चलाने की योजना बना रहे लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।बीते कुछ समय से शहर में ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता सीमित हो गई थी और नाके भी नजर नहीं आ रहे थे। अधिकांश चालान केवल सीसीटीवी कैमरों के जरिए काटे जा रहे थे। अब पुलिस ने दोबारा सड़कों पर उतरकर प्रत्यक्ष चेकिंग शुरू कर दी है।



बुधवार को डीजीपी सागरप्रीत हुड्डा ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने शहर में नाकेबंदी और रात्रि गश्त को फिर से प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी नाके बंद करने के आदेश नहीं दिए थे।पुलिस सूत्रों के अनुसार बैठक में ट्रैफिक पुलिस और पीसीआर टीमों को रात के समय विशेष निगरानी बढ़ाने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और शहर के प्रमुख चौराहों व संवेदनशील इलाकों में नाके लगाने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक के दौरान डीजीपी ने चंडीगढ़ में बढ़ते अपराधों को लेकर पुलिस अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में खुलेआम नशे का कारोबार, सट्टा और चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। कई थाना प्रभारी केवल औपचारिकता निभाते हुए सीमित एफआईआर दर्ज कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। डीजीपी ने कहा कि वह पिछले छह महीनों से शहर की क्राइम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और हत्या जैसे गंभीर मामलों में पुलिस की विफलता पर भी उन्होंने गहरी चिंता जताई है।



## Happy Birthday



Harfatehbir Singh

## Happy Birthday



Anmol Goyal

# निष्काम कर्म की सेवा सेवक का कल्याण कर दिया करती है- संत अश्वनी बेदी जी





प्रिंसिपल इंदरजीत कौर



आशिमा बेदी



कनुप्रिया बजाज



पल्लवी मित्तल



श्रेया जैन



रीति सिक्का




गीता जिंदल



रजिंदर जिंदल



अमन जिंदल



वरिंदर जैन



स्वीट धवन



सुमित जिंदल

लुधियाना, यूटर्न, 20 दिसम्बर। श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में चल रहे 71 वे राम नाम अखण्ड जप महायज्ञ में संत अश्वनी बेदी जी ने कहा की श्री स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी द्वारा रचित ग्रंथ भक्ति-प्रकाश में सेवा के प्रति महाराज कहते है कि

दीन, हीन, दुःखी, पीड़ित तथा दुर्बल जन की तन, मन, धन से सहायता करना सेवा कर्म है। लोक-हित के कामों को करना, जन-सुधार में भाग लेना और देश की दशा को अच्छा बनाना सेवा-धर्म है। वे सभी कर्म सेवा कहे गए हैं जिनसे पर हित हो, पर को आश्रय तथा विश्राम मिले, दूसरे के मन, तन को शान्ति तथा सन्तोष प्राप्त हो और जिन से देश, जन तथा जाति का उत्थान और कल्याण हो।

सेवा-कर्म करते हुये, सेवक को निष्काम रहना चाहिये। मन में, फल की, यश की, बड़ाई की और प्रशंसा की कामना कदापि नहीं करनी चाहिये। केवल धर्म-बुद्धि और कर्तव्य-बुद्धि से, जो परहित के कर्म किये जाते हैं वे सभी निष्काम कर्म कहे जाते हैं। ऐसी निष्काम कर्म की सेवा सेवक का कल्याण कर दिया करती है। निष्काम भाव से सेवा करने वाला सेवक पर हित का कोई भी काम करते हुये वह कभी भी नहीं हिचकिचाता। उस के सन्मुख ऊंच नीच का भेद भाव कुछ भी नहीं है। वह सब की सेवा सदा सम भाव से ही किया करता है।

जो जो कर्म करने को शास्त्र कहता है और जिन कर्मों को कर के क्षत्रिय सच्चा क्षत्रिय बना करता है उन में पाप उत्ताप की कल्पना करना परले सिरे का पामरपन है। महाराज हमे कहते है हे प्यारे ! तू जन-सेवक है, जन-सेवा पर ही दृष्टि रक्खा कर। इसी को पुण्यतम कर्म समझते रहो। श्री राम तेरा मंगल अवश्यमेव कर देगा। संत अश्वनी बेदी ने कहा कि रघुनाथ जी महाराज ने अपने जीवन काल में प्रत्येक नर नारी के सम्मुख कर्तव्य पालन का ही आदर्श रक्खा था, बन्धुभाव को ही बड़ा कर्म बताया था, पारिवारिक सम्बन्ध का सुपालन सत्कर्म कहा था तथा सत्य को ही परम धर्म सिद्ध किया था, वह सब सेवा ही थी। ऐसी सेवा से ही रघुनाथ जी का नाम तथा काम अजरामर बना हुआ है।

## रूह से रूबरू

### क्या केवल पैसा ही सुख है?



चारू नागपाल



कहते हैं पैसा ही सब कुछ होता है मान लेते हैं कि पैसा बहुत कुछ हो सकता है पर यकीन मानिए पैसा सब कुछ तो नहीं हो सकता कोई कितना भी बड़ा पैसे का पहाड़ क्यों न खड़ा कर ले क्या उसके घर रोग, चिंता, शोक आना बंद कर देते हैं ? हमारे कर्मो के अनुसार अगर हमें धन और ऐश्वर्य भोगने का प्रारब्ध हुआ है तो फिर सुख के साथ दुख भी जुड़ा रहता है, दिन है तो रात भी है। जो कुछ जीवन में भोगना लिखा है वो तो हमें भोगना ही पड़ेगा कई बार ऐसे हालात बन जाते हैं कि इन्सान नोटों के बिस्तर पर पड़ा हुआ भी मानसिक शांति की भीख माँग रहा होता है। अगर सुख की सच्ची तलाश करनी है तो एक दूसरे का सम्मान करना सीखो, एक दूसरे के दुख दर्द को बाँटना सीखो। यकीन मानो तब यह माया के कंटीले बिस्तर भी मखमली लगने लग जाएँगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Hostile Witness क्या होता है और इससे केस पर क्या असर पड़ता है?**

अक्सर सुनने में आता है कि 'गवाह पलट गया' या "Witness hostile हो गया।" लेकिन कानून की भाषा में इसका सही अर्थ क्या है, और इससे मुकदमे पर क्या प्रभाव पड़ता है — यह समझना जरूरी है। Hostile Witness वह गवाह होता है, जो अदालत में अपने पहले दिए गए बयान से मुकर जाए, या अभियोजन पक्ष (Prosecution) के विरुद्ध बयान देने लगे। यानि जिसने पुलिस या जांच के दौरान कुछ कहा हो, लेकिन कोर्ट में उससे उलट बयान दे दे। कानून यह नहीं मानता कि गवाह के hostile होते ही केस खत्म हो जाता है। BNSS 2023 के तहत भी यह सिद्धांत स्पष्ट है कि गवाह hostile हो सकता है, पर उसका पूरा बयान बेकार नहीं हो जाता। जब कोई गवाह hostile होता है, तो अदालत अभियोजन पक्ष को यह अनुमति देती है कि वह उसी गवाह से Cross-Examination करे। यानी अभियोजन अपने ही गवाह से सवाल पूछ सकता है और उसके पुराने बयान दिखाकर उसकी सच्चाई परख सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि अदालत केवल इसलिए आरोपी को बरी नहीं करती कि गवाह hostile हो गया। यदि रिकॉर्ड पर मौजूद अन्य साक्ष्य (Documents, Forensic Evidence, CCTV, Medical Report) मजबूत हों, तो अदालत गवाह के hostile होने के बावजूद दोष सिद्ध कर सकती है। साथ ही, यदि यह साबित हो जाए कि गवाह ने जानबूझकर झूठ बोला है या दबाव में बयान बदला है, तो उस पर Perjury (झूठी गवाही) की कार्रवाई भी संभव है। यह न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

निष्कर्ष: Hostile Witness न्याय प्रक्रिया की कमजोरी नहीं, बल्कि एक चुनौती है। कानून ने इसके लिए उपाय दिए हैं, ताकि सच्चाई केवल एक गवाह पर निर्भर न रहे। अदालत पूरे सबूतों को देखकर निर्णय लेती है — न कि केवल गवाह के पलटने से।

# मैक लुधियाना के विद्यार्थियों ने मुंबई में गोल्ड अवॉर्ड जीतकर बढ़ाया शहर का मान



लुधियाना/यूटर्न/20 दिसंबर। लुधियाना के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है कि मैक लुधियाना के होनहार विद्यार्थियों ने मुंबई में आयोजित 24 एफपीएस इंटरनेशनल अवॉर्ड्स में गोल्ड अवॉर्ड हासिल कर न सिर्फ अपने संस्थान बल्कि पूरे शहर और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, रचनात्मक सोच और उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रमाण है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर उनके माता-पिता, शिक्षकों और संस्थान प्रबंधन में खुशी की लहर है। सभी ने इस उपलब्धि को टीम वर्क, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया। मैक लुधियाना के विद्यार्थी शुरू से ही नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ते रहे हैं। इस प्रतिष्ठित मंच पर गोल्ड अवॉर्ड जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण में प्रतिभाएँ वैश्विक पहचान हासिल कर सकती हैं। इस सफलता के पीछे शिक्षकों का निरंतर सहयोग, संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई आधुनिक सुविधाएँ और विद्यार्थियों की अटूट लगन अहम भूमिका में रही। यह उपलब्धि पंजाब के लिए भी खास है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय मंच पर राज्य का प्रतिनिधित्व करना अपने-आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

# वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सैंड आर्ट शो का आयोजन

हरियाणा/यूटर्न/20 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशन में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, संघर्ष और वीरता की गाथा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेवाड़ी में सैंड आर्ट शो और जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एनसीबी प्रोडक्शन के सैंड आर्टिस्ट मनीषा स्वर्णकार ने रेत कला को बड़ी स्क्रीन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के शौर्य, संघर्ष और बलिदान से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। स्क्रीन पर



उकेरे गए दृश्यों ने विद्यार्थियों को साहिबजादों के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके अदम्य साहस से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि सैंड आर्ट कला शो के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की वीरगाथा से समाज के सभी वर्गो विशेषकर युवाओं को परिचित करवाते हुए उनके अद्वितीय बलिदान, संघर्ष और त्याग भरे जीवन से प्रेरणा दिलाने का बखूबी कार्य किया है।

# शिरोमणि अकाली दल के 4 ब्लॉक समिति सदस्यों की जीत से मनोबल बढ़ा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20 दिसंबर। जागरांव ब्लॉक समिति के उत्साहजनक चुनाव परिणामों और अकाली दल के वोट प्रतिशत में वृद्धि से शिरोमणि अकाली दल के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी को कुल 18,701 वोट मिले, कांग्रेस को 17,884 और शिरोमणि अकाली दल को 17535 वोट मिले। वोट प्रतिशत में इस तरह की वृद्धि के साथ अकाली दल एक बार फिर मजबूत छाप छोड़ने में सफल रहा। शिअद के पूर्व विधायक एस.आर. कलेर के आवास पर शिरोमणि अकाली दल के 4 ब्लॉक समिति सदस्यों, बीबी सतपाल कौर लीला, बीबी अमरजीत कौर देहरका, गुरप्रीत सिंह बिट्टू लोंग और सुरिंदर सिंह डल्ला को जीत के बाद सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोर कमेटी सदस्य एस.आर. कलेर, शिरोमणि समिति के सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल और कमलजीत सिंह मल्लाह ने



विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष परमिंदर सिंह चीमा, मंडल अध्यक्ष शिवराज सिंह सरपंच, सरपंच जसवीर सिंह देहरका, सुखविंदर सिंह काला चीमा, पूर्व सरपंच जसदेव सिंह लीला, युवा नेता संदीप सिंह मल्ला, बलराज सिंह ग्रेवाल, जगजीत सिंह दल्ला, जत्थेदार सुखदेव सिंह देहरका, जसविंदर जस खैरा देहरका, बहादुर सिंह पूर्व सदस्य लीला, हरचरण सिंह पूर्व सरपंच लीला, लखविंदर सिंह लीला पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य, दविंदर सिंह लीला, अवतार सिंह लीला, सरबजीत कौर पंच लीला लीला, जगदीप सिंह ग्रेवाल लीला, गुरुमीत सिंह देहरका, प्रितपाल सिंह मल्ला, गुरदेव सिंह देहरका, मंगत सिंह लम्मा, जगदेव सिंह नंबरदार लम्मा, अवतार सिंह लम्मा, जसवन्त सिंह संतन लम्मा, निरपाल सिंह लम्मा, जरनैल सिंह लम्मा, गुरचरण सिंह लम्मा व अन्य मौजूद थे।

## बस स्टैंड पर बच्चों से भीख मंगवाने पर लीगल टीम का एक्शन, परिवारों ने किया हंगामा



जालंधर/यूटर्न/20 दिसंबर। जालंधर के बस स्टैंड से पुलिस ने भीख मंगवाने के लिए लगाए बच्चों को उठा लिया। इस दौरान पुलिस जबरदस्ती बच्चों को छीनकर और गाड़ी में बिठाकर ले गई। इस दौरान बच्चे रोने लगे। इसका महिलाओं ने विरोध किया। बस स्टैंड पर इसे लेकर लगभग 20 मिनट तक हंगामा चलता रहा। इसके बाद उदउ टीम बच्चों को मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले गई। लीगल परमिशन अधिकारी ने बताया कि बच्चों का मेडिकल करवाया जाएगा। इसके बाद इनको CWC दफ्तर ले जाया जाएगा और काउंसलिंग की जाएगी। बस स्टैंड पर इन बच्चों से भीख मंगवाई जा रही थी। इसकी लोगों की तरफ से काफी समय से शिकायत मिल रही थी जिसके बाद शनिवार को दोपहर 1 बजे के करीब ये कार्रवाई की गई है।

### महिला पुलिस कर्मियों ने जबरदस्ती छीने बच्चे

बच्चों को उठाने के लिए पहुंची पुलिस के साथ उनके परिवार की महिलाएं उलझ गई। इस पर महिला पुलिस कर्मियों ने उनसे जबर्दस्ती बच्चों को छीना और गाड़ी में बिठाई जिस पर बच्चों ने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। ये देख बस स्टैंड के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। लीगल परमिशन अधिकारी ने सब बच्चों को कार में बैठाया और खुद मोटरसाइकिल पर बैठकर निकल गए।

# कलयुगी बेटे ने अपनी चाची और भाभी के साथ मिलकर मां को पीटा, 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

जगरांव/यूटर्न/20 दिसंबर। सदर रायकोट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जलालदीवाल पुलिस चौकी ने एक महिला की शिकायत पर उसके बेटे, बहन और भतीजी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन पर अपने ही बेटे, बहन और भतीजी की पिटाई करने और वाहन में तोड़फोड़ करने का आरोप है। मामले की जांच कर रहे एएसआई लखवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता किरनदीप कौर, जो दिवंगत इसविंदर सिंह की पत्नी और गोविंदगढ़ गांव की निवासी हैं, ने पुलिस को अपना बयान दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार, वह 8 दिसंबर को अपने पिता बलौर सिंह को दिल्ली से गोविंदगढ़ स्थित अपने घर लाई थीं। घर पहुंचने पर उनके बेटे यशवीर सिंह, बहू याना गिल (उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी), बहन जगराज कौर और भतीजी गुनीत कौर (दिल्ली



के जंगपुरा निवासी) पहले से ही वहां मौजूद थे। मामले की जांच कर रहे एएसआई लखवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता किरनदीप कौर, स्वर्गीय इसविंदर सिंह की पत्नी और गोविंदगढ़ गांव की निवासी हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, 9 दिसंबर की रात करीब 10 बजे जब वह अपने कमरे में थे, उनकी भतीजी गुनीत कौर ने दरवाजा तोड़ दिया और उनकी बहन जगराज कौर बाथरूम में घुसकर उन्हें जबरदस्ती लॉबी में घसीट ले गई। आरोप है कि गुनीत कौर और अन्य लोगों ने मिलकर लॉबी में पीड़ित की जमकर पिटाई की और उनके बेटे यशवीर ने भी अपने दादा बलौर सिंह के साथ दुर्व्यवहार किया। हमलावरों ने घर के आंगन में खड़ी पीड़ित की कार में भी तोड़फोड़ की। किरनदीप कौर के बयान पर पुलिस ने आरोपी यशवीर सिंह (पुत्र), जगराज कौर (बहन) और गुनीत कौर (भतीजी) के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## दाखा और जगरांव पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ 2 युवकों को किया गिरफ्तार

जगरांव/यूटर्न/20 दिसंबर। जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दाखा और सदर जगराओं पुलिस स्टेशन की पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को



गिरफ्तार किया है और उनसे कुल 50 नशीली गोलियां बरामद की हैं। दाखा पुलिस स्टेशन के एएसआई इंदरजीत सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान जब वे गुरमीत भवन मंडी मुल्लनपुर के पास पहुंचे, तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर डर गया और उसने अपनी कोट की जेब से एक लिफाफा निकालकर फेंक दिया। तलाशी लेने पर लिफाफे से 20 खुली नशीली गोलियां बरामद हुई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जंगपुर निवासी जगतर सिंह उर्फ मोती के रूप में हुई है। सदर जगराओं पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले काउंके कलां चौकी के एएसआई धर्मिंदर सिंह ने अखाड़ा गांव के पास रहने वाले आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश को 30 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस को देखते ही गोलियों वाला लिफाफा फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## नशा मुक्ति अभियानः कानूनी सहायता के वकीलों ने नशा मुक्ति केंद्र में मरीजों को विशेष परामर्श दिया

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20 दिसंबर। समाज से नशाखोरी के अभिशाप को खत्म करने और युवाओं को सही राह दिखाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत, कानूनी सहायता की एक टीम ने शनिवार को एक नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर, कानूनी विशेषज्ञों ने यहां इलाज करा रहे युवाओं को परामर्श दिया और उनका मनोबल बढ़ाया।





इस विशेष जागरूकता और परामर्श सत्र में अधिवक्ता साहिल टंडन, अधिवक्ता मून झांजी और अधिवक्ता सिकंदर सिंह चहल मुख्य प्रतिभागी थे। वकीलों की इस टीम ने नशा पीड़ितों से सीधे बातचीत की और उन्हें समझाया कि कैसे नशा एक खुशहाल जीवन को बर्बाद कर देता है। अधिवक्ता साहिल टंडन और उनके साथी वकीलों ने मरीजों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प से इस दलदल से बाहर निकला जा सकता है। उन्होंने मरीजों को कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और उन्हें आश्वासन दिया कि समाज उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के लिए तैयार है, बशर्ते वे नशा छोड़ने का पक्का संकल्प लें। युवा नशा विरोधी अभियान की यह पहल नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# बैंक गारंटी खत्म, उद्योग को बड़ी राहत

## IBDP-2022 में ऐतिहासिक संशोधन, निवेश और रोजगार को मिलेगा नया रफ्तार


मंत्री संजीव अरोड़ा

चंडीगढ़, यूटर्न 20 दिसंबर। राज्य में औद्योगिक विकास को तेज करने और कारोबारियों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने की दिशा में सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी फैसला लिया है। 12 दिसंबर 2024 को हुई मंत्री परिषद की बैठक में इंडस्ट्रियल एवं बिजनेस डिवेल्पमैंट पॉलिसी (IBDP) 2022 में एक ऐतिहासिक संशोधन को मंजूरी दी गई, जिसके तहत अब फिसिकल इंसेंटिव्स के लिए बैंक गारंटी (BG) की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। सरकार के इस फैसले से इंडस्ट्री एवं ट्रेड में खुशी का माहौल है। इंडस्ट्री विशेषज्ञ इसे इज ऑफ डूइंग बिजनेस ही नहीं बल्कि कास्ट कास्टिंग इन डूइंग बिजनैस भी बता रहे है। उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया की इंडस्ट्री लंबे समय से यह मांग कर रही थी की बैंक गारंटी के कारण बड़ी मात्रा में वर्किंग कैपिटल फंसी रहती है जोकि एक्सपैंशन ,रिसर्च एवं डिवैल्पमैंट और नए रोजगार के नए अवसरों पर असर डालती है। सरकार ने उद्योग संगठनों की इन चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए यह अहम बदलाव किया है।

### बिजनेस करने और लागत में होगा सुधार : थापर



सीआईआई पंजाब एक्सपोर्ट्स के अमित थापर ने कहा की शायद ऐसी सुविधा देने वाला पंजाब पहला राज्य है लम्बे समय से सीआईआई का पंजाब सरकार के पास यह सुझाव पेंडिंग था। मंत्री अरोड़ा का यह प्रयास राज्य की इंडस्ट्री के बिजनेस की लागत को सुधार और उसे आसान बनाने में सहायक है।

### उद्योग जगत में ऐतिहासिक फैसला : सचदेवा



कोहिनूर साईकिल के अनिल सचदेवा ने कहा की ''IBDP-2022 में किया गया संशोधन उद्योग जगत के लिए बड़ी राहत है। इससे रोजगार सृजन और नई इकाइयों को सीधा बढ़ावा मिलेगा।''

### व्यापार के लिए गेम चेंजर : जिन्दल



जी 13 बाइसाइकिल फोरम के प्रधान राजिंदर जिन्दल ने कहा की 'सरकार ने उद्योगों की व्यावहारिक समस्याओं को समझते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह नीति बदलाव व्यापार के लिए गेम चेंजर साबित होगा।'



### आर्थिक विकास को मिलेगी गति : चेयरमैन गुप्ता

पंजाब डाइंग इंडस्ट्री कमेटी के प्रेजिडेंट और बहादुरके डाइंग इंडस्ट्री के चेयरमैन रजनीश गुप्ता ने कहा 'वर्किंग कैपिटल पर दबाव कम होने से टरटए और बड़े उद्योग दोनों को फायदा होगा। यह फैसला आर्थिक विकास को नई गति देगा।'

### सरकार पर और मजबूत होगा इंडस्ट्री का भरोसा : गर्ग



नार्थ इण्डिया इंडक्शन फर्नेस के प्रमुख के के गर्ग ने कहा की कॉरपोरेट गारंटी जैसे विकल्प से उद्योगों का भरोसा सरकार पर और मजबूत हुआ है। यह कदम राज्य की औद्योगिक नीति को अधिक उद्योग-अनुकूल बनाता है।

# कोहलीमाजरा में मूलभूत सुविधाओं की मांग, 26 जनवरी को पुतला दहन की चेतावनी

डेराबस्सी, यूटर्न, 20 दिसंबर। लालड़ू नगर परिषद क्षेत्र के गांव कोहलीमाजरा में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों और मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड ने प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष जताया है। संगठन के पंजाब उपाध्यक्ष मदन गोपाल ने इस संबंध में लिखित शिकायत देकर चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 26 जनवरी 2026 को पुतला दहन किया जाएगा।

मदन गोपाल ने बताया कि वर्ष 2010 से लेकर अब तक नगर परिषद लालड़ू द्वारा गांव में किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं



किया गया। गांव में आज तक पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, न ही गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था है। इसके अलावा गांव में आने-जाने के लिए पक्की सड़क, श्मशान घाट जैसी बुनियादी सुविधाएं भी मौजूद नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में नगर परिषद के अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि आसपास की कॉलोनियों में विकास कार्य कराए गए, जबकि कोहलीमाजरा को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामला: पुलिस कार्रवाई में देरी से पीड़ित परिवार परेशान, आरोपी अब भी फरार

जीरकपुर, यूटर्न, 20 दिसंबर। जीरकपुर क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर पीड़ित परिवार ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की मां रशीदन ने बताया कि वह मूल रूप से जिला सम्भल, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं और फिलहाल अपने परिवार सहित जीरकपुर में झुग्गियों में रह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान (उम्र करीब 25 वर्ष) ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

इस संबंध में उन्होंने 6 अगस्त 2025 को थाना जीरकपुर में शिकायत दी थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शिकायत देने के बाद कई दिनों तक थाने के चक्कर काटने पड़े, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दबाव बनाने के बाद 21 अगस्त 2025 को मुकदमा नंबर 397 के तहत धारा 65(1) BNS U 6 POCSO एक्ट में केस दर्ज किया गया।

परिवार का कहना है कि केस दर्ज होने



के बावजूद आरोपी को न तो गिरफ्तार किया गया और न ही कोई ठोस जांच आगे बढ़ी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि आरोपी के पिता असलम और भाई अशरफ लगातार उन्हें समझौते का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार दहशत में है।

वहीं, इस मामले में जांच अधिकारी लाभ सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपी घटना के बाद उत्तर प्रदेश फरार हो गया है और उसके मोबाइल नंबर को भी ट्रैक किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

## संपादकीय

### आरएंडडी में निवेश : पंजाब के लिए गेमचेंजर !


संदीप शर्मा, सम्पादक

आमतौर पर कोई भी कंपनी रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर 500 करोड़ रुपये खर्च नहीं करती। फैक्ट्रियाँ लगाना आसान होता है, लेकिन दिमाग, तकनीक और नए विचारों पर इतना बड़ा निवेश बहुत कम देखने को मिलता है। यही वजह है कि एम्बर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज का पंजाब में 500 करोड़ रुपये का आरएंडडी सेंटर लगाने का फैसला बेहद खास और उम्मीद जगाने वाला है। यह सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि पंजाब के औद्योगिक भविष्य पर भरोसे की मुहर है। राजपुरा में बनने वाला यह अत्याधुनिक आरएंडडी सेंटर साफ संदेश देता है कि पंजाब अब सिर्फ मजदूरी या पारंपरिक उद्योगों का राज्य नहीं रहना चाहता, बल्कि उच्च तकनीक, डिजाइन और वैश्विक स्तर के इनोवेशन का केंद्र बनना चाहता है।

#### पंजाब के लिए क्यों अहम है यह निवेश ?

पिछले कुछ वर्षों में पंजाब को लेकर एक धारणा बन गई थी कि यहाँ उद्योग ठहर गया है, युवा बाहर जा रहे हैं और बड़े निवेश नहीं आ रहे। ऐसे समय में एम्बर ग्रुप का यह कदम उस सोच को तोड़ने वाला है। 500 करोड़ रुपये का निवेश और करीब 1,000 अच्छी सैलरी वाली नौकरियाँ यह सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि एक नई शुरूआत का संकेत हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने सही कहा कि यह निवेश पंजाब की उद्योग-हितैषी नीतियों, कुशल मानव संसाधन और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल का प्रमाण है। कोई भी कंपनी इतनी बड़ी राशि वहाँ ही लगाती है, जहाँ उसे भरोसा हो कि उसका भविष्य सुरक्षित है।

#### एम्बर ग्रुप: सिर्फ एक कंपनी नहीं

यह भी समझना जरूरी है कि एम्बर ग्रुप कोई छोटी या नई कंपनी नहीं है। एम्बर ग्रुप दुनिया की बड़ी एयर कंडीशनर (एसी) और फ्रिज बनाने वाली कंपनियों के लिए ओईएम और ओडीएम के रूप में काम करता है। ओईएम (ऑरिजनल एक्यूपमेंट मैन्योफैक्चरर) यानी जो दूसरों के ब्रांड के लिए उत्पाद बनाती है। ओडीएम (ओरिजनल डिजाइन मैन्युफैक्चरर) यानी जो डिजाइन से लेकर प्रोडक्ट तक खुद तैयार करती है दूसरे शब्दों में कहें तो दुनिया के कई बड़े AC और रेफ्रिजरेटर ब्रांड जिन उत्पादों को बेचते हैं, उनके पीछे एम्बर जैसी भारतीय कंपनी की तकनीक और डिजाइन होती है। ऐसी कंपनी का पंजाब को चुनना अपने आप में बड़ी बात है।

#### क्या करेगा यह नया आरएंडडी सेंटर ?

राजपुरा में बनने वाला यह सेंटर अगली पीढ़ी के एचवीएसी (हीटिंग, वेन्टिलेशन ल्ला एयर कंडिशनिंग) उत्पादों पर काम करेगा। यहाँ नए डिजाइन तैयार होंगे, उत्पादों की टेस्टिंग और वैलिडेशन होगी, भारत ही नहीं, बल्कि निर्यात बाजारों के लिए तकनीक विकसित की जाएगी। इसका मतलब साफ है कि पंजाब अब सिर्फ 'मेक इन इंडिया' नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' और 'इनोवेट इन इंडिया' का हिस्सा बनेगा।

#### युवाओं के लिए बड़ा मौका

सबसे बड़ी बात यह है कि इस प्रोजेक्ट से पैदा होने वाली नौकरियाँ साधारण नहीं होंगी। ये इंजीनियरिंग, डिजाइन, रिसर्च और टेक्नोलॉजी से जुड़ी होंगी। इससे पंजाब के युवाओं को अपने राज्य में ही अच्छे अवसर मिलेंगे और बाहर जाने की मजबूरी कम होगी। यह निवेश अकेला काफी नहीं है, लेकिन यह सही दिशा में मजबूत कदम जरूर है। अब जरूरत है कि सरकार ऐसी और कंपनियों को आकर्षित करे, नीतियों में स्थिरता बनाए रखे और उद्योगऋशिक्षा के बीच बेहतर तालमेल बनाए। एम्बर ग्रुप का यह फैसला बताता है कि अगर माहौल सही हो, तो पंजाब आज भी बड़े उद्योगों के लिए पहली पसंद बन सकता है। 500 करोड़ रुपये का आरएंडडी निवेश पंजाब के उद्योग के लिए नई उम्मीद है और इस उम्मीद को मजबूत करना अब हम सबकी जिम्मेदारी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372